प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 20.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- राज्य में जल संरक्षण के लिये चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आज अंतिम दिन–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जैसलमेर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगें

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय मुख्य समारोह जैसलमेर के खुहड़ी सैंड डयुन्स में होगां

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अगले महीने आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक कीं

- प्रदेश में मॉनसून की बारिश से विभिन्न स्थानों पर गर्मी से राहतं

000000

प्रदेश में भू जल स्तर बढाने और जल संरक्षण को बढावा देने के उद्देश्य से चलाये जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आज आखिरी दिन हैं एक पखवाडे तक आयोजित इस अभियान के दौरान पानी बचाने और वर्षा जल संग्रहण के लिये पारम्परिक जल स्त्रोतों की साफ सफाई के कार्य किये गयें इसके साथ ही पुराने जल स्त्रोतों की मरम्मत तथा नई जल संरचनाओं के उदघाटन और शिलान्यास किये गयें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जैसलमेर में गडसीसर सरोवर पर, अभियान के समापन समारोह में शिरकत करेंगें हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री इस अवसर पर सरोवर की पूजा करेंगें

......

00000

आयुष मंत्रालय 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर कल विशाखापत्तनम में मुख्य कार्यक्रम आयोजित करेगां कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगें वहीं संस्कृति मंत्रालय योग दिवस पर कल देशभर में 100 पर्यटक– स्थलों और 50 से अधिक सांस्कृतिक महत्व के स्थानों पर योग सत्र आयोजित करेगां प्रदेश में भी कल योग दिवस के अवसर पर 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग' थीम पर विभिन्न कार्यक्रम होंगें राज्यस्तरीय मुख्य समारोह जैसलमेर के खुहड़ी सैंड डयुन्स में होगां कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा हिस्सा लेंगें समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगें राज्य के सभी जिलों, ब्लॉक और ग्राम पंचायत मुख्यालयों, धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर योग गुरूओं द्वारा योगाभ्यास कराया जायेगां सभी विभागों और संस्थानों में योगाभ्यास कार्यक्रम होंगें जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी, आमजन और बड़ी संख्या में सरकारी अधिकारी तथा कर्मचारी विभिन्न योगासनों तथा प्राणायाम का अभ्यास करेंगें सभी जिलों में प्रभारी मंत्रियों के नेतृत्व में योग प्रोटोकॉल के तहत अभ्यास किया जाएगां राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से जंतर मंतर पर ''योग संगम'' का आयोजन किया जाएगां इस विशेष आयोजन में संस्थान में अध्ययनरत देशभर के विद्यार्थियों के साथ अन्य देशों के विद्यार्थी भी भाग लेंगें यह कार्यक्रम सुबह छह बजे से होगां इस बीच अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउन्टडाउन के तहत प्रदेशभर में जगह–जगह योग शिविर लगाकर लोगों को योगाभ्यास कराया जा रहा हैं साथ ही योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं इसी कम में अलवर जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने आमजन से योग दिवस समारोह में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की हैं

.....

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना के तहत भर्तियां कर रही हैं उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा, कैलेण्डर के अनुसार आयोजित की जा रही हैं इसके साथ ही रोजगार उत्सव के तहत नियुक्तियां भी दी जा रही हैं श्री शर्मा जयपुर में अगले महीने आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थें उन्होंने विभागवार लंबित भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान करने से पहले बाकी प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिएं मुख्यमंत्री ने अदालतों में विभिन्न कारणों से लंबित भर्ती प्रकरणों की मजबूती से पैरवी करवाने को भी कहां बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें

00000

रणथम्भौर राष्ट्रीय अभ्यारण्य में बाघिन एरोहेड टी–84 की कल मृत्यु हो गईं बाघिन का शव जोगी महल के पास मिलां मुख्य वन संरक्षक अनूप के.आर. ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बाघिन लम्बे समय से बीमार चल रही थीं राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रोटोकॉल के अनुसार बाघिन के शव का पोस्टमार्टम किया गयां इसके बाद बाघिन का अंतिम संस्कार कर दिया गयां इस बीच 'एरोहेड' के तीनों शावकों को वन विभाग ने हाल ही में अलग–अलग टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित कर दिया हैं और ब्योरा समाचार कक्ष से–

.....

0000

प्रदेश के दक्षिण पूर्वी हिस्सों में मॉनसून की बारिश का दौर जारी हैं बारां में कल दोपहर से रूक रूक कर बारिश हो रही हैं पाली और करौली के हिण्डोन सिटी में रात को तेज बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गयां सबसे अधिक 37 मिलीमीटर पानी करौली में बरसां राजधानी जयपुर में भी कल दोपहर बाद हल्की से मध्यम बारिश हुईं बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली हैं मौसम विभाग ने आज करौली, दौसा, भीलवाडा, बारां, चित्तौडगढ और टोंक जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं इन स्थानों पर कहीं–कहीं तेज बारिश भी हो सकती हैं साथ ही बिजली गिरने और अंधड की भी आशंका हैं धौलपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा, बूंदी, जयपुर, सवाईमाधोपुर, झालावाड और सिरोही जिलों में गरज के साथ हल्की बरसात की संभावना हैं मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मेघगर्जन, बारिश जारी रहने तथा 22–23 जून को भरतपुर, कोटा संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना हैं

0000

और अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर –

- राज्य में जल संरक्षण के लिये चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आज अंतिम दिन–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जैसलमेर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगें

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय मुख्य समारोह जैसलमेर के खुहड़ी सैंड डयुन्स में होगां

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अगले महीने आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक कीं

- प्रदेश में मॉनसून की बारिश से विभिन्न स्थानों पर गर्मी से राहतं